दिनांकः 28.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेशभर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जा रही हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित हो रही इस साल की ये तीसरी लोक अदालत है। इसमें राज़ीनामे के जरिये विभिन्न मामलों का निपटारा किया जा रहा है। इसके लिए उच्च न्यायालय की जोधपुर मुख्य पीठ में तीन बैंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में राज़ीनामा हो सकने वाले सिविल, आपराधिक, सेवा, श्रम, मोटर दुर्घटना और पारिवारिक मामलों सहित अन्य प्रकृति के प्रकरणों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से मामलों की सुनवाई की जा रही है। लोक अदालत का आयोजन हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व अदालतों, उपभोक्ता मंचों और प्रशासनिक अधिकरणों में किया जा रहा है।

..............

प्रदेश में 23 हजार 820 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए स्वायत्त शासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार राजस्थान के मूल निवासी सात अक्टूबर से छह नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को पहले दो महीने सफाई कार्य करके दिखाना होगा, जिसका उनको नियमानुसार भुगतान मिलेगा। इस प्रक्रिया में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले उम्मीदवारों का चयन कर उन्हें दो साल प्रोबेशन पीरियड पर रखा जाएगा। इसके बाद उन्हें स्थायी नियुक्ति दी जाएगी।

..............

स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगत सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने भगत सिंह को नमन करते हुए कहा कि वह एक ऐसे अमर स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्होंने मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भगत सिंह के असाधारण साहस और अद्वितीय त्याग ने देश के असंख्य युवाओं में

राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई है। सम्पूर्ण राष्ट्र उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रभक्ति की अखंड ज्योति को हमेशा जलाए रखेगा।

..............

भारत रत्न, स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर आज देशभर में उन्हें याद किया जा रहा है। वर्ष 1929 में आज ही के दिन जन्मी इस महान गायिका ने दशकों तक अपनी मनमोहक आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। 70 वर्षों से अधिक के करियर में उन्होंने कई भाषाओं में 25 हजार से अधिक गाने गाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि लता मंगेशकर अपने भावपूर्ण गीतों के कारण लोगों के हृदय में हमेशा अपना स्थान बनाए रखेंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सादगी और सौम्यता की साक्षात प्रतिमूर्ति लता दीदी ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा से भारतीय संगीत परम्परा को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाई।

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

..............

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत भरतपुर के नदबई में आज पोषण मेला लगाया गया है। मेले में पोषक और संतुलित आहार से संबंधित सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने महिलाओं को एनीमिया तथा कुपोषण से बचने के उपाय बताए। इससे पहले जागरूकता रैली निकाल कर पोषक भोजन आहार लेने का संदेश दिया गया।

..............

विश्व रेबीज़ दिवस पर आज प्रदेश के विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में पशुओं को टीका लगाया जा रहा है। जानवरों से इंसानों में फैलने वाली जूनोटिक बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। जयपुर में पांच बत्ती स्थित पशु चिकित्सा पॉली क्लिनिक और सभी अधीनस्थ संस्थाओं में एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर लगाए गए हैं।